भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 467
उत्तर देने की तारीख 06.02.2023

कर्नाटक में कलाकारों को केन्द्रीय पेंशन

467. श्रीमती मंगल सुरेश अंगड़ी :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गरीबी की स्थिति में पड़े कलाकारों को केंद्रीय पेंशन की शीघ्र स्वीकृति के लिए क्या उपाय किये जाने का विचार है; और

(ख) कर्नाटक में ऐसे कलाकारों की कुल संख्या कितनी है जिन्हें केन्द्रीय कलाकार पेंशन प्राप्त हुई है?

उत्तर

संस्कृति, पर्यटन एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(जी. किशन रेड्डी)

(क): सरकार का निरन्तर यह प्रयत्न रहा है कि चयनित लाभार्थियों से अपेक्षित दस्तावेज प्राप्त होने पर उन्हें शीघ्रतम वित्तीय सहायता जारी करने का प्रयास किया जाए। इस प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए, प्रत्येक वर्ष वार्षिक आय प्रमाणपत्र प्रस्तुत किए जाने की आवश्यकता को जून, 2022 से हटा दिया गया है। चयनित लाभार्थियों द्वारा अब पांच साल में केवल एक बार इसे प्रस्तुत किए जाने की आवश्यकता है।

(ख): विगत पांच वर्षों अर्थात 2018-2019 से 2022-2023 के दौरान "वयोवृद्ध कलाकारों हेतु वित्तीय सहायता स्कीम" के अंतर्गत कर्नाटक से कुल 632 कलाकारों ने वित्तीय सहायता प्राप्त की है।

****